Quote by Anurag Singh, Managing Director, Primus Partners

Published in Dainik Bhaskar
20th May 2026

ईवी में अब 'प्राइस वॉर... मास मॉडल पर ₹4 लाख तक छूट

कंपनियों का पुराना स्टॉक निकालने पर जोर।

Authored by Anjali Singh

अप्रैल में किस मॉडल पर कितनी छूट

कंपनी	मॉडल	डिस्काउंट
टाटा मोटर्स	कर्व ईवी	3 लाख*
टाटा मोटर्स	टियागो ईवी	1 लाख तक
हुंडई	आयोनिक5	10 लाख तक
महिंद्रा	एक्सयूवी400	4 लाख तक
एमजी मोटर	जेडएस ईवी	1.9 लाख तक
एमजी मोटर	कॉमेट ईवी	60,000 तक

* चुनिंदा वेरिएंट पर (स्रोत: डीलर्स)

Read on: Print Version | EV discounts India, electric vehicles, Primus Partners, EV market, inventory pressure

Article Content:

कभी त्योहारी सीजन तक सीमित रहने वाली छूट अब भारतीय ईवी इंडस्ट्री की स्थायी रणनीति बनती दिख रही है। यही कारण है कि अप्रैल भी तेज बिक्री जारी रखने के लिए कार कंपनियां मास- मार्केट मॉडल पर ₹4 लाख तक की छूट दे रही हैं। 2025 के अधिकांश समय में ईवी पर छूट 50 हजार से 2 लेकर लाख रुपए थी। लेकिन साल के अंत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और इन्वेंटरी के दबाव से यह बढ़ने लगी। इस साल जनवरी-फरवरी तक कई मॉडलों पर 2 लाख से अधिक छूट थी। मार्च में यह मास- मार्केट ईवी (आम कारें) पर ₹4 लाख तक जा पहुंची। प्राइमस पार्टनर्स के एमडी अनुराग सिंह कहते हैं, 'पिछली दो तिमाहियों में इलेक्ट्रिक कारों पर छूट काफी बढ़ गई है। 2025 के मध्य की तुलना में अब कुछ मामलों में छूट 20-50% बढ़ गई है। कंपनियां बढ़ी हुई इन्वेंटरी और तेज प्रतिस्पर्धा के जवाब में यह कदम उठा रही हैं।' मार्च में हुंडई आयोनिक ₹5-10 लाख और महिंद्रा एक्सयूवी 400 पर ₹4 लाख रुपए तक की छूट थी । हुंडई मोटर इंडिया के एक डीलर ने कहा, 'जब खरीदारों ने आयोनिक 5 पर मिलने वाली छूट देखी, तो उनकी सोच ही बदल गई।' मार्च में इंडस्ट्री की कुल बिक्री 23,097 कारों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 22,677 कारों पर स्थिर रही।

स्मार्ट इन्वेंटरी मैनेजमेंट: हाल के वर्षों में आए मॉडलों पर बड़ी छूट, नए पर कम -

कंपनियां डिस्काउंट रणनीतिक तरीके से लागू कर रही हैं। धीमी बिक्री वाले या पुराने मॉडल ईयर (2024, 2025) की कारों पर ज्यादा, जबकि नए मॉडलों पर कम छूट दे रही हैं। एक डीलर ने बताया, 'खासतौर पर 2024-25 के स्टॉक की मांग ज्यादा हैं। वहां बचत सबसे अधिक है।' महिंद्रा एक्सयूवी 400 पर सबसे अधिक छूट है, जिसकी बिक्री न मॉडलों से कम है।